भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

**सं.16/12/2023-प्रशा./** **दिनांक: 22/05/2025**

सेवा में,

निदेशक/ निदेशक-प्रभारी,
परिषद के सभी संस्थान/केंद्र

**विषय: नीति एवं संचार प्रभाग, परिषद, मुख्यालय के लिए रुचि की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करने के संबंध में,**

महोदय/महोदया,

कृपया परिषद मुख्यालय के नीति एवं संचार विभाग में स्थानांतरण हेतु परिषद के नियमित तकनीकी अधिकारियों और सहायको से आवेदन आमंत्रित करने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति संलग्न हैं। परिषद के इच्छुक और पात्र तकनीकी अधिकारी और तकनीकी सहायक निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन (प्रतिलिपि संलग्न) उचित माध्यम से दिनांक 09.06.2025 तक ईमेल आईडी communication,icmr@gmail.com पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

भवदीय

जगदीश राजेश
सहायक महानिदेशक (प्रशासन)

<u>**प्रतिलिपिः**</u>

1. परिषद के महानिदेशक/अपर महानिदेशक/वरिष्ठ उपमहानिदेशक(प्रशा.)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार के निजी सचिव
2. उपमहानिदेशक(प्रशा.)/ सहायक महानिदेशक(प्रशा)
3. नीति एवं संचार प्रभाग, परिषद मुख्यालय
4. डॉ. एम.एस. चाल्गा, वैज्ञानिक-डी. - से अनुरोध है कि कृपया इसे परिषद मुख्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए।

वी. रामलिंगस्वामी भवन, पोस्ट बॉक्स नं. 4911,
अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110 029, भारत
V. Ramalingaswami Bhawan, P.O. Box No. 4911,
Ansari Nagar, New Delhi - 110 029, India
Tel: +91-11-26588895 / 26588980 / 26589794
+91-11-26589336 / 26588707
Fax: +91-11-26588662 | icmr.nic.in

**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद**
**अंसारी नगर,नई दिल्ली**

**रुचि की अभिव्यक्ति**

परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में नीति और संचार (पी एंड सी) प्रभाग में स्थानांतरण/तैनाती के लिए परिषद के संस्थानों/केंद्रों और/या परिषद मुख्यालय में कार्यरत नियमित तकनीकी अधिकारियों और तकनीकी सहायकों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। इच्छुक और उपयुक्त तकनीकी अधिकारी और तकनीकी सहायक, संलग्न प्रारूप के अनुसार उचित माध्यम से अपना अनुरोध दिनांक **09/06/2025** तक ईमेल: आईडी communications.icmr@gmail.com पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

नीति और संचार (पी एंड सी) प्रभाग जनता/हितधारकों के लिए प्रभावी रूप से कार्यान्वयन नीतियों पर अनुसंधान संचार के लिए जिम्मेदार है। यह स्वास्थ्य अनुसंधान को बढ़ावा देने, नीति पर इसके प्रभाव को सुनिश्चित करने और रणनीतिक संचार के माध्यम से सार्वजनिक समझ को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

प्रभाग की कुछ गतिविधियाँ निम्नानुसार हैं:

1. संसदीय प्रश्नों, कैबिनेट सचिवालयी रिपोर्टों, आरटीआई, वीआईपी संदर्भों और प्रशासनिक रिपोर्टों के लिए सभी संस्थागत परिणामों का समन्वय करना और मसौदा तैयार करना।
2. परिषद की वार्षिक रिपोर्ट और अन्य रणनीतिक संस्थागत दस्तावेजों को अंतर-संस्थागत परिणामों और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के समन्वय से संकलित और प्रकाशित करना।
3. राष्ट्रीय प्रदर्शनियों, नवाचार शिखर सम्मेलनों और जनहित कार्यक्रमों में दृश्यता और विषयगत स्थिरता सुनिश्चित करने में आईसीएमआर के प्रतिनिधित्व का नेतृत्व करना।
4. पीईसी, राष्ट्रीय अभियान, स्मारक कार्यक्रमों और आधिकारिक लॉन्चों के समन्वय के माध्यम से परिषद की सहायता करना।
5. रणनीतिक स्वास्थ्य संचार; सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों और नीति निर्माताओं को शिक्षित करने के लिए लक्षित संचार रणनीतियों को तैयार करना और उन्हें प्रसारित करना
6. संकट और जोखिम संचार: स्पष्टता, सटीकता और सार्वजनिक विश्वास सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य आपातकालीन स्थितियों के दौरान सूचना प्रवाह का प्रबंधन करना।
7. क्षमता निर्माण: स्वास्थ्य क्षेत्र में तर्कसंगत संचार और नीति वकालत क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम चलाना
8. हितधारक सहभागिता: स्वास्थ्य संदेशों या शोध अंतर्दृष्टि की पहुंच और प्रभाव को बढ़ाने के लिए मीडिया, संस्थानों और अन्य भागीदारों के साथ सहयोग करना।

**अपेक्षित पदों का विवरण निम्नानुसार है:**

**1. तकनीकी अधिकारी ए या बी- [1]**

| विषय/वांछनीय | स्तर | भूमिकाएं और जिम्मेदारियां |
|---|---|---|
| सार्वजनिक स्वास्थ्य, संचार (जन/स्वास्थ्य), सामाजिक विज्ञान, जैव चिकित्सा विज्ञान, जैव, या<br><br>आईसीएमआर संस्थानों के साथ यात्रा और समन्वय के लिए इच्छापूर्वक काम करते हुए प्रदर्शनियों/आउटरीच/सामुदायिक समुदाय से जुड़े संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव। | तकनीकी अधिकारी ए या बी | • शोध-आधारित रिपोर्ट और संचार सामग्री को विकसित करने में सहायता करना।<br>• संचार रणनीतियों और हितधारकों की सहभागिता की योजना बनाने और उसे लागू करने में सहायता करना।<br>• संचार गतिविधियों से संबंधित डाटा को संग्रहण, प्रसंस्करण और विश्लेषण का नेतृत्व करना।<br>• नीति निर्माताओं, मीडिया और जनता के लिए वैज्ञानिक सामग्री को सुलभ प्रारूपों में अनुवाद करने में सहायता करना।<br>• बैठकों, कार्यशालाओं और जनहित गतिविधियों के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना।<br>• दस्तावेज़ों का रखरखाव करना तथा प्रस्तुतियाँ और सारांश तैयार करना।<br>• संचार और सहभागिता की पहल के लिए आवश्यकतानुसार यात्रा करना। |

**2. तकनीकी सहायक [2]**

| विषय /वांछनीय | स्तर | भूमिकाएं और जिम्मेदारियां |
|---|---|---|
| जीवन विज्ञान/जैव चिकित्सा विज्ञान में स्नातक डिग्री रखने वाले अधिकारियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके पास हितधारकों जैव चिकित्सा अनुसंधान के संचार का अनुभव हो तथा निम्नलिखित में से कोई भी अनुभव हो:<br><br>एमएस ऑफिस, डेटा हैंडलिंग और बुनियादी डिजाइन या प्रस्तुति उपकरणों में दक्षता।<br><br>आधिकारिक कार्य हेतु इच्छापूर्वक यात्रा करने ।<br><br>**नोट:** यदि आप आने वाले वर्षों में परिषद मुख्यालय के लिए फोटोग्राफर/सोशल मीडिया मैनेजर/समन्वयक के रूप में भूमिका निभाने के इच्छुक हैं। | --------- | वैज्ञानिक रिपोर्ट, संक्षिप्त विवरण और जनहित सामग्री के प्रारूपण, संपादन और संरचनात्मकता में सहायता करना।<br><br>डेटा संग्रह, रिपोर्ट प्रस्तुत करने और संस्थागत अद्यतन के लिए आईसीएमआर के संस्थानों के साथ समन्वय करना।<br><br>संसदीय प्रश्नों, कैबिनेट टिप्पणियों, वीआईपी संदर्भों और नीतिगत संचार को संभालने में सहायता करना।<br><br>कार्यक्रम समन्वय, प्रदर्शनी सामग्री और सार्वजनिक सहभागिता गतिविधियों में योगदान देना।<br><br>संचार अभिलेखागार बनाए रखना, सामाजिक मीडिया अपडेट और प्रशिक्षण की पहलों में सहायता करना। |

**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद**

**अंसारी नगर,नई दिल्ली**

**<u>रुचि की अभिव्यक्ति प्रारुप</u>**

नीति एवं संचार प्रभाग, परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में स्थानांतरण हेतु इच्छुक तकनीकी अधिकारी एवं तकनीकी सहायक

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में)<br>विशिष्टता के साथ (प्रोफेसर/डॉक्टर/श्री/सुश्री) | |
| 2. | वर्तमान पदनाम एवं स्तर | |
| 3. | जन्म तिथि | |
| 4. | विषय | |
| 5. | वर्तमान संस्थान/केन्द्र/प्रभाग | |
| 6. | परिषद की सेवा ग्रहण करने की तारीख | |
| 7. | वर्तमान पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तारीख | |
| 8. | शैक्षणिक योग्यता<br>(केवल विश्वविद्यालय की डिग्री) | |
| 9. | स्वास्थ्य संचार रणनीतियों से संबंधित अनुभव/प्रशिक्षण | |
| 10. | इस स्थानांतरण में आपकी रुचि और आप इसके लिए क्यों उपयुक्त हैं, इस पर 200 शब्दों में लेख लिखें? | कृपया अनुलग्नक के रूप में संलग्न करें |
| 11. | कोई अन्य जानकारी जो आप प्रदान करना चाहते हैं: | कृपया अनुलग्नक के रूप में संलग्न करें |

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक: